# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ

## संस्कृत प्रतिभा खोज

### मण्डलस्तरीय संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग) नमूना प्रश्नोत्तर

### संस्कृत सामान्य ज्ञान तथा भाषा दक्षता (सेट- 1)

**निर्देशः-**

1. प्रत्येक प्रतिभागी को तीन अवसर दिया जाना है। चौथी बार सही उत्तर नहीं देने अथवा प्रश्न का उत्तर नहीं देने वाले प्रतिभागी को प्रतियोगिता से पृथक् कर दिया जाय।
2. प्रतियोगिता के किसी चरण में 6 प्रतिभागी के शेष रहने पर प्रतिभागियों द्वारा सही उत्तर नहीं देने अथवा प्रश्न का उत्तर नहीं देने की स्थिति में उपस्थित छात्रों के अवसर की गणना के आधार पर अथवा युक्तियुक्त/ तर्कसंगत आधार को अपनाते हुए प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सान्त्वना स्थान का निर्णय किया जाएगा।
3. प्रतियोगिता के आरंभ में सभी छात्रों के ध्यानाकर्षण तथा तैयारी के स्तर की जांच के लिए दोनों भाग के एक-एक बिन्दु से (कुल दो चक्र में) प्रश्न पूछा जाएगा। इस ध्यानाकर्षण प्रश्नोत्तर चक्र में प्रतिभागी के अवसर की गणना नहीं की जाएगी।

## भाग – 1

### संस्कृत सामान्य ज्ञान

**संस्कृत प्रतिभा खोज से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर**

**प्रश्न** - उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ का कार्यालय किस नगर में स्थित है ?

**उत्तर**- लखनऊ नगर में स्थित है ।

**प्रश्न**- वर्ष 2025 में संस्कृत प्रतिभा खोज के अन्तर्गत कुल कितनी प्रतियोगिताएँ हो रही है ?

**उत्तर** - कुल 10 प्रतियोगिताएँ आयोजित हो रही है।

**प्रश्न**- संस्कृत बोर्ड के छात्र संस्कृत प्रतिभा खोज की कुल कितनी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं ?

**उत्तर** - कुल 7 प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है।

**प्रश्न**- यू.पी. बोर्ड के छात्र संस्कृत प्रतिभा खोज की कुल कितनी प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते है ?

**उत्तर** - कुल 7 प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है।

**प्रश्न**- संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का नमूना प्रश्न पत्र संस्कृत प्रतिभा खोज के किस-किस मीनू बटन के भीतर मिलता है ?

**उत्तर** - डाउनलोड मीनू बटन के भीतर अध्ययन सामग्री मीनू बटन में मिलता है ।

**प्रश्न**- संस्कृत प्रतिभा खोज के वेब पोर्टल का नाम बताइये ?

**उत्तर** - upsanskritpratibhakhoj.com यूपीसंस्कृतप्रतिभाखोज डॉट कॉम ।

**प्रश्न**- संस्कृत प्रतिभा खोज में मंडल स्तर पर कौन-कौन प्रतियोगिताएँ हो रही है ?

**उत्तर -** संस्कृत गीत, संस्कृत सामान्य ज्ञान (बाल एवं युवा वर्ग) तथा श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता ।

**प्रश्न-** मंडल स्तरीय संस्कृत गीत तथा श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को कितनी पुरस्कार राशि दी जाती है ?

**उत्तर -** रूपये दो हजार की पुरस्कार राशि दी जाती है।

**प्रश्न-** संस्कृत प्रतिभा खोज की एक प्रतियोगिता में एक विद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम कितने छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं ?

**उत्तर -** एक प्रतियोगिता में एक विद्यालय / महाविद्यालय से अधिकतम 4 छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं।

**प्रश्न-** तर्कसंग्रह कंठस्थपाठ प्रतियोगिता में किस कक्षा से किस कक्षा तक के छात्र भाग ले सकते हैं ?

**उत्तर -** कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ।

**प्रश्न-** श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में किस कक्षा से किस कक्षा तक के छात्र भाग ले सकते हैं ?

**उत्तर -** कक्षा 6 से 12 तक की छात्र/ छात्राएँ।

**प्रश्न-** पुरस्कार राशि प्राप्ति की स्थिति का पता कहाँ से लगाया जा सकता हैं ?

**उत्तर –** संस्कृत प्रतिभा खोज वेबपोर्टल के भुगतान की स्थिति मीनू बटन से।

**प्रश्न-** प्रतियोगिता में पुरस्कार के लिए दिया गया बैंक विवरण कहाँ-कहाँ देखा जा सकता है।

**उत्तर –** संस्कृत प्रतिभा खोज वेबपोर्टल के भुगतान की स्थिति मीनू बटन से तथा आवेदन पत्र में।

**धार्मिक स्थल**

**प्रश्न-** महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग किस राज्य में स्थित है ?

**उत्तर-** मध्यप्रदेश

**प्रश्न-** शक्तिपीठ कितने है ?

**प्रश्न-** प्रयाग में सबसे बड़े गुरुकुल की स्थापना किस महर्षि ने की थी ?

**उत्तर-** महर्षि भरद्वाज ने।

**उत्तर-** 51

**प्रश्न-** विंध्यवासिनी मंदिर किस जनपद में स्थित है ?

**उत्तर-** मिर्जापुर।

**प्रश्न-** वैष्णव देवी मंदिर किस राज्य में स्थित है ?

**उत्तर-** जम्मू कश्मीर।

**प्रश्न-** कैलाश मान सरोवर यात्रा किस देवता की उपासना है ?

**उत्तर-** भगवान शिव।

**प्रश्न-** राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण किस जनपद में हुआ है ?

**उत्तर-** अयोध्या ।

**प्रश्न-** वाराणसी नगर किस नदी के किनारे बसा है ?

उत्तर- गंगा नदी ।

**प्रश्न-** गोरखपुर नगर में स्थित प्रसिद्ध मंदिर का नाम क्या है ?

**उत्तर-** गोरखनाथ / गोरक्षनाथ मंदिर ।

**प्रश्न-** शाकुम्भरी देवी का मंदिर उत्तर प्रदेश के किस जनपद में स्थित है ?

**उत्तर-** सहारनपुर जनपद ।

**संस्कृत पत्र - पत्रिका (पत्रकारिता)**

**प्रश्न -** DD News पर शनिवार को वार्तावली का प्रसारण किस समय होता है?

**उत्तर -** हर शनिवार शाम ६:३० बजे होता है।

**प्रश्न –** सप्तवर्णा संस्कृत ई- पत्रिका के सम्पादक का क्या नाम है ?

**उत्तर –** श्री सम्पदानन्द मिश्र।

**प्रश्न -** DD News पर किस-किस दिन दोपहर २ बजे प्रवाहिवार्ता तेज खबरों के रूप में चलता है ?

**उत्तर -** सोमवार से शनिवार तक प्रवाहिवार्ता तेज खबरों के रूप में चलता है।

प्रश्न - रसना पत्रिका किस राज्य से प्रकाशित होती है ?

उत्तर - केरल से प्रकाशित होती है ।

प्रश्न - परिशीलनम् पत्रिका किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है ?

उत्तर - उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् द्वारा प्रकाशित की जाती है ।

प्रश्न - आह्निकवार्तापत्रम् के सम्पादक का नाम बताएँ ?

उत्तर - डॉ. आनन्द शुक्ल ।

प्रश्न - संस्कृत-संवादः पत्र कहाँ से प्रकाशित होता है ?

उत्तर - दिल्ली से प्रकाशित होता है ।

**गीत तथा गीतकार**

**प्रश्न-** 'उदिते सूर्ये धरणी विहसति' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** सम्पदानन्द मिश्र

**प्रश्न-** 'वन्दे भारतवर्षम्' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** नन्द प्रदीप्त कुमार

**प्रश्न-** 'पठत संस्कृतम्, वदत संस्कृतं' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** मञ्जुनाथ शर्मा

**प्रश्न-** 'विलसति संस्कृतप्रतिभा' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी

**प्रश्न-** 'मम माता देवता' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** श्री ल.म. चक्रदेव

**प्रश्न-** 'जयतात् संस्कृतवाणी मधुरा' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** गु. गणपय्य होळ्ळ

**प्रश्न-** 'चल चल पुरतो निधेहि चरणम्' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** श्रीधर भास्कर वर्णेकर

**प्रश्न-** 'मनसा सततं स्मरणीयम्' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** श्रीधर भास्कर वर्णेकर

**प्रश्न-** सुन्दरी शरत् समागता इस गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** डॉ नवलता

**प्रश्न-** 'अयि भारतजननि ! त्वमेव मम देवता' गीत के रचयिता कौन हैं?

**उत्तर-** श्रीधर भास्कर वर्णेकर

**गीतकार तथा गीत के लिए संकेत -**

**अरविन्द कुमार तिवारी -** तिरङ्गाध्वजो यस्य हस्ते स पूज्यो । मातः स्वदेशसेवा । रविवासरे प्रातः बालाः । सखे वर्धतां भारतं कामयेऽहम् । भारतीया धरा मातृका बन्धवः! । विलसति संस्कृतप्रतिभा ।

**अय्यमपुष हरिकुमार -** हिमगिरिशृङ्गं उत्तुङ्गम् । जयतु भारतं नौका गानम् ।

**अशोक अकलूजकर -** अग्रे चल, अग्रे चल !

**ओगेटि परीक्षित शर्मा -** आयाहि रे ! विहायसि-सराग-रश्मि-चन्द्रमा ।

**इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव' -** राष्ट्ररक्षाविधौ यास्ति काष्ठा परा ।

**कृष्णप्रसाद घिमिरे -** शङ्कर ! शङ्कर ! शं कुरु शम्

**गणपय्य होळ्ळः -** एहि एहि चन्दिर ।

**जि. महाबलेश्वर भट्टः -** भुवमवतीर्णा नाकस्पर्धिनी । मातः चन्दिर एकाकी ।

**जनार्दन हेगड़े-** मृदपि च चन्दनम् । ध्येया धरणीयम् । एहि सुधीर एहि सुविक्रम । हस्ती हस्ती हस्ती ।

**नरेन्द्र -** वयं बालका भारतभक्ताः।

**नवलता -** सुन्दरी शरत्समागता। गर्जति नभसि पयोदः । नव्या गीतिः नव्यारीतिः । श्रावणमासे यमुनातीरे ।

**नन्दप्रदीप्त कुमार -** वन्दे भारतवर्षम् कल-कल प्रवहति पावनी गङ्गा ।

**नारायण भट्टः -** सुन्दरसुरभाषा । चिरनवीना संस्कृता एषा ।

**मायाप्रसाद त्रिपाठी -** चल मुदा समम् । ज्योत्स्ना- स्मित ! मा वर्ष प्रणयम् । कोकिल ! 'कुहू' त्वं न कुरु मधौ विपिने ।

**मञ्जूनाथ शर्मा-** पठत संस्कृतम् ।

**ल.म. चक्रदेव-** मम माता देवता ।

**वासुदेव द्विवेदी शास्त्री-** सादरं समीहताम् । घनागमन-गीतम् या सखि! श्यामला जने जने ।

**वीरभद्र मिश्र -** भवतु संस्कृता होली अरे रे । चलति विडालः । चल मम घोटक ।

**डा. वेणीमाधव शास्त्री -** घटिके घटिके टिक् टिक् घटिके ।

**रमाकान्त शुक्ल-** स्वागतं पयोद! ते स्वागतं पयोद! ते।।

**रामनाथ सुमन-** चन्दनतुल्या भारतभूमिः।।

**राधानाथ राय-** सर्वेषां नो जननी।।

**लालमणि पाण्डेय-** अद्य राधिका मुदा मया विलोकिता।। जयति वीणावादिनी सा ।

**श्रीधरभास्कर वर्णेकर-** लोकहितं मम करणीयम् । चल चल पुरतो निधेहि चरणम् । मनसा सततं स्मरणीयम् । त्वमेव मम देवता । भारतजननि ! त्वमेव शरणम् । भारतदेशो जयतु महान् । प्रबलमतुलं भारतम् । भवतु भारतम् ।

**श्रीधर पाठक -** बालचर ! भज भारत देशम् ।

**सम्पदानन्द मिश्र -** उदिते सूर्ये धरणी विहसति ।

**हरेकृष्ण मेहेर -** जयतु जननी जन्मभूमि: । विजयतां नो मातृभूमी भारतम् । भारत-माता परम-नमस्या । भारतं विभा-रतम् ।

**हरिराम आचार्यः-** जय जय हे भगवति सुरभारति ।

**हरिहर शर्मा अर्याल-** कुहू कुहू माकन्दे ।

## व्रत, पर्व, त्योहार की तिथि

**प्रश्न -** किस तिथि में प्रदोष व्रत में रखा जाता है ?

**उत्तर-** त्रयोदशी तिथि

**प्रश्न-** किस माह में सीता विवाह का विवाह हुआ ?

**उत्तर-** मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि

**प्रश्न-** हरितालिका व्रत किस माह, पक्ष तथा तिथि को मनाया जाता है ?

**उत्तर-** भाद्रपद शुक्ल तृतीया

प्रश्न- आंवला नवमी कब मनाया जाता है ?

उत्तर- कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी तिथि

प्रश्न- तुलसी विवाह किस तिथि को मनाया जाता है ?

उत्तर- कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि

प्रश्न - कौमुदी महोत्सव कब मनाया जाता है ?

उत्तर - कार्तिक पूर्णिमा को

प्रश्न- किस माह तथा तिथि में सीता विवाह का विवाह हुआ ?

उत्तर- मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि

प्रश्न - महाशिवरात्रि पर्व कब मनाया जाता है ?

उत्तर- फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी

प्रश्न- महालयारम्भ कब होता है ?

उत्तर – भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा

प्रश्न- यम द्वितीया किस माह की तिथि को आता है?

उत्तर – कार्तिक शुक्ल द्वितीया

प्रश्न- गंगा दशहरा किस माह  की किस पक्ष तथा तिथि को मनाया जाता है ?

उत्तर – ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है ।

**प्रश्न पूछने हेतु संकेत –**

बहुला पूजा – भाद्र कृष्ण चतुर्थी । कुशोत्पाटनी अमावास्या – भाद्रपद अमावास्या । अनन्त व्रत- भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी । जीवत्पुत्रिका – आश्विन कृष्ण अष्टमी । शारदीय नवरात्र का प्रारंभ – आश्विन शुक्ल प्रतिपद् । विजया दशमी -  आश्विन शुक्ल दशमी । गोवर्धन पूजा - कार्तिक शुक्ल द्वितीया । देवोत्थान एकादशी - कार्तिक शुक्ल एकादशी ।  विवाह पंचमी – मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी । गीता जयंती - मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी । जगन्नाथ रथ यात्रा- आषाढ शुक्ल द्वितीया। देव दीपावली – कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा । कोजागरा पूजा -  हरिशयनी एकादशी - आषाढ शुक्ल एकादशी । नृसिंह चतुर्दशी – वैशाख शुक्ल चतुर्दशी। वट सावित्री – ज्येष्ठ कृष्ण अमावास्या । रंगभरी एकादशी – फाल्गुन शुक्ल एकादशी । मौनी अमावस्या - । वसंत पंचमी – माघ शुक्ल पंचमी । शीतला अष्टमी – चैत्र कृष्ण अष्टमी । राम नवमी – चैत्र शुक्ल नवमी। निर्जला एकादशी - ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी । गुरु पूर्णिमा –आषाढ शुक्ल पूर्णिमा । नाग पंचमी – श्रावण शुक्ल पंचमी । राधाष्टमी – भाद्रपद शुक्ल अष्टमी ।

संस्कृत की संस्थाओं द्वारा संचालित कार्य

**प्रश्न -** संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा किस संस्था द्वारा कराई जा रही है ?

**उत्तर-**उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा ।

**प्रश्न -** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,लखनऊ द्वारा किस-किस कक्षा की परीक्षा ली जाती है ?

**उत्तर-** प्रथमा, पूर्वमध्यमा, उत्तर मध्यमा

**प्रश्न -** विश्व भारती पुरस्कार किस संस्था द्वारा दी जाती है ?

**उत्तर-** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा ।

**प्रश्न** - महर्षि बाल्मीकि पुरस्कार किस संस्था द्वारा दी जाती है ?

उत्तर-उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा।

**प्रश्न** - केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कक्षा 11-12 के छात्रों को प्रतिमाह कितनी छात्रवृत्ति देता है ?

उत्तर- रूपये 600/- प्रतिमाह

**प्रश्न** - वैदिक गणित के लेखक का नाम क्या है ?

उत्तर- स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ।

**प्रश्न**- ध्रुव और विज्ञ आर्य ने कितनी आयु में अष्टाध्यायी याद किया ?

उत्तर- 3 वर्ष 8 माह 20 दिन की आयु में।

**प्रश्न**- ध्रुव और विज्ञ आर्य का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में कब दर्ज हुआ ?

उत्तर- 2003 में

**प्रश्न**- सबसे कम आयु में किसने अष्टाध्यायी याद की ?

उत्तर- श्रद्धा वाजपेयी, लखनऊ

**प्रश्न**- किस भारतीय चिंतक ने सबसे पहले पृथ्वी का व्यास निर्धारित किया ?

उत्तर- आर्यभट्ट।

**प्रश्न**- 600 ई.पूर्व शुल्वसूत्र में किसने वृत्त एवं त्रिभुज के फल का सिद्धान्त प्रतिपादित किया ?

उत्तर- बोधायन ने।

पौराणिक / ऐतिहासिक सम्बन्ध और सम्बन्धी

**प्रश्न** -लव और कुश का लालन पालन किस ऋषि के आश्रम में हुआ ?

उत्तर- महर्षि वाल्मीकि के।

**प्रश्न** - राम को कितने वर्ष का वनवास हुआ था ?

उत्तर- 14 वर्ष का।

**प्रश्न** - राम के साथ वन में कौन-कौन गया था ?

उत्तर- सीता एवं लक्ष्मण।

**प्रश्न**- अङ्गराज कौन था ?

उत्तर- कर्ण।

**प्रश्न**- शान्तनु कहाँ के राजा थे ?

उत्तर- हस्तिनापुर के।

**प्रश्न** - युद्ध से पहले भगवान कृष्ण ने अर्जुन को कौन सा उपदेश दिया था ?

उत्तर- गीता का उपदेश।

**प्रश्न-** पिप्पलाद किसके पुत्र थे ?

**उत्तर-** महर्षि दधीचि के।

**प्रश्न-** इनका नाम पिप्पलाद क्यों पड़ा ?

**उत्तर-** क्योंकि शैशवावस्था में पीपल के फलों को खाकर इन्हें जीवन धारण करना पड़ा था। पिप्पलाद किसके पुत्र थे ?

**उत्तर-** महर्षि दधीचि के।

**प्रश्न-** इनका नाम पिप्पलाद क्यों पड़ा ?

**उत्तर-** क्योंकि शैशवावस्था में पीपल के फलों को खाकर इन्हें जीवन धारण करना पड़ा था।

**सम्मान-पुरस्कार**

**प्रश्न-** 2021 का विश्वभारती पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?

**उत्तर-** हरिदत्त शर्मा

**प्रश्न-** उज्जैन की कालिदास अकादमी कौन सा राष्ट्रीय पुरस्कार देती है?

**उत्तर-** कालिदास पुरस्कार

**प्रश्न-** राजस्थान संस्कृत अकादमी द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार कौन सा है?

**उत्तर-** माघ पुरस्कार

**प्रश्न-** माघ पुरस्कार के लिये कितनी धनराशि प्रदान की जाती है?

**उत्तर-** रु. एक लाख इक्कीस हज़ार

**प्रश्न-** वर्ष 2023 का ज्ञानपीठ पुरस्कार किस संस्कृत विद्वान् को दिया गया ?

**उत्तर-** स्वामी रामभद्राचार्य।

**संस्थाओं के विषय में**

प्रश्न- सिविल सेवा प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क संस्कृत कोचिंग की व्यवस्था उत्तरप्रदेश की कौन सी सरकारी संस्था करती है?

उत्तर- उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थानम्

प्रश्न- गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है?

उत्तर- हरिद्वार

प्रश्न- संस्कृत का विश्वभर में प्रचार-प्रसार करने वाली किसी गैरसरकारी संस्था का नाम बताओ।

उत्तर- संस्कृतभारती

प्रश्न- संस्कृतसंवर्द्धन प्रतिष्ठान कहाँ स्थित है?

उत्तर- नई दिल्ली

प्रश्न- सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थानम् वाराणसी,के संस्थापक का नाम बताइये।

उत्तर- पंडित वासुदेव द्विवेदी शास्त्री।

प्रश्न- मध्य प्रदेश में भारत सरकार द्वारा सञ्चालित वेद विद्याविषयक संस्था का पूरा नाम क्या है?

उत्तर- महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठानम् (नवीन नाम महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड)

प्रश्न- राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान का नया नाम क्या है?

उत्तर- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय।

प्रश्न - भारत में कितने क्षेत्रीय भाषा केन्द्र हैं तथा कहाँ स्थित है ?

उत्तर- भुवनेश्वर, पुणे, मैसूर, पटियाला, गुवाहाटी, सोलन और लखनऊ में 7 क्षेत्रीय भाषा केन्द्र हैं।

प्रश्न - वैज्ञानिक और तकनीकि शब्दावली आयोग कहाँ स्थित है ?

उत्तर- आर. के. पुरम्, नई दिल्ली।

प्रश्न - राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन भारत सरकार के किस मंत्रालय के अधीन कार्यरत है ?

उत्तर- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय।

प्रश्न - राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन की स्थापना कब की गई ?

उत्तर- फरवरी 2003।

## जीवनी

**प्रश्न** - पतंजलि के अनुसार पाणिनि का जन्म किस ग्राम में हुआ था

**उत्तर** - शलातुर नामक गाँव में

**प्रश्न** - वर्तमान में शलातुर नामक गाँव किस देश में है

**उत्तर** - पाकिस्तान में

प्रश्न - पतंजलि को किसका अवतार माना जाता है ?

उत्तर - "शेषनाग" का अवतार माना जाता है

**प्रश्न** - जन्म स्थान के आधार पर पतंजलि का क्या नाम है ?

**उत्तर** – गोनर्दीय

**प्रश्न** - महर्षि पतंजलि ने वाराणसी में कहाँ रहकर महाभाष्य की रचना की ?

**उत्तर** – वाराणसी के नागकूप पर रहकर ( वर्तमान जैतपुरा मुहल्ला में स्थित नागकूप)

## संस्कृत के ग्रन्थ और ग्रन्थकार

प्रश्न- विश्व का सबसे प्राचीनतम पुस्तक कौन है ?

उत्तर- विश्व का सबसे प्राचीनतम पुस्तक ऋग्वेद है।

प्रश्न- मुद्राराक्षस  के लेखक कौन है ?

उत्तर- विशाखदत्त।

प्रश्न- रत्नावली के लेखक कौन है ?

उत्तर- हर्षवर्धन ।

प्रश्न- मालती माधव के लेखक कौन है ?

उत्तर- भवभूति ।

प्रश्न- महावीर चरितम् के लेखक कौन है ?

उत्तर- भवभूति ।

प्रश्न- उत्तरामचरितम् के लेखक कौन है ?

उत्तर- भवभूति ।

प्रश्न- कर्पूरमंजरी के लेखक कौन है ?

उत्तर- राजशेखर

प्रश्न- बालरामायणम् के लेखक कौन है ?

उत्तर- राजशेखर ।

प्रश्न- वेणीसंहार के लेखक कौन है ?

उत्तर- भट्टनारायण ।

प्रश्न- ऋतुसंहार के लेखक कौन है ?

उत्तर- कालिदास ।

प्रश्न- मेघदूतम् के लेखक कौन है ?

उत्तर- कालिदास ।

प्रश्न- नीतिशतकम् के लेखक कौन है ?

उत्तर- भर्तृहरि ।

प्रश्न- गीतगोविंद के लेखक कौन है ?

उत्तर- जयदेव ।

प्रश्न- सूर्यशतकम् के लेखक कौन है ?

उत्तर- मयूर भट्ट ।

प्रश्न- पंचतंत्र के लेखक कौन है ?

उत्तर- विष्णु शर्मा

प्रश्न- कथासरित्सागर के लेखक कौन है ?

उत्तर- सोमदेव ।

प्रश्न- रघुवंशमहाकाव्य के लेखक कौन है ?

उत्तर- कालिदास।

प्रश्न- किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के लेखक कौन है ?

उत्तर- भारवि।

प्रश्न- रामायण के लेखक कौन है ?

उत्तर- महर्षि वाल्मीकि ।

प्रश्न-महाभारत के लेखक कौन है ?

उत्तर- महर्षि वेदव्यास।

प्रश्न - महाभारत में कितने पर्व हैं ?

उत्तर - अठ्ठारह

प्रश्न - पुराणों के रचयिता कौन है ?

उत्तर - वेदव्यास।

प्रश्न - आदिकवि के नाम से किसे जाना जाता है ?

उत्तर- वाल्मीकि

प्रश्न - कृष्णद्वैपायन किसे कहा जाता है ?

उत्तर- वेद व्यास

प्रश्न - नामलिङ्गानुशासन किस ग्रन्थ का नाम है ?

उत्तर- अमरकोष

प्रश्न - रावणवधमहाकाव्यम् किस ग्रन्थ का नाम है ?

उत्तर- भट्टिकाव्यम्

प्रश्न - ऋग्वेद में कितने मण्डल होतें हैं ?

उत्तर- दस।

प्रश्न - रामायण में कितने श्लोक हैं ?

उत्तर- चतुर्विंशतिश्लोक

प्रश्न - किस काव्य को आदिकाव्य कहा जाता है ?

उत्तर- रामायण

प्रश्न - रामायण में कितने काण्ड है ?

उत्तर- सात

प्रश्न - रामायण में मुख्य रस कौन सा है ?

उत्तर- करुण

प्रश्न - श्लोकः श्लोकत्वमागतः किसके लिए कहा गया है ?

उत्तर- वाल्मीकि

प्रश्न - रामायण कथा के लिए वाल्मीकि को किसने उपदेश दिया ?

उत्तर- नारद

प्रश्न - रामायण के सातों काण्डों को क्रम से बताईये ?

उत्तर- बाल, अयोध्या, अरण्य, किष्किंधा, सुन्दर, युद्ध और उत्तर काण्ड

प्रश्न - रामायण में कितने सर्ग है ?

उत्तर- 500

## ग्रन्थ परिचय

प्रश्न -'चतुर्विंशतिसाहस्रीसंहिता' के नाम से कौन ग्रन्थ कहा जाता है?

उत्तर- रामायण

प्रश्न - 'श्रीमद्भगवद्गीता' में कुल कितने अध्याय हैं?

उत्तर- 18 (अठारह)

प्रश्न - वेद कितने होतें हैं ?

उत्तर- चार।

प्रश्न - चार वेद कौन-कौन से हैं ?

उत्तर- ऋग्वेद,सामवेद,यजुर्वेद, अथर्ववेद।

प्रश्न - वेदत्रयी में कौन कौन से वेद आते हैं

उत्तर - ऋग्, यजुष् तथा साम

प्रश्न - यजुर्वेद के कितने भाग होतें हैं ?

उत्तर - यजुर्वेद के दो भाग होतें हैं ।

प्रश्न - यजुर्वेद के दोनों भागों का नाम क्या है ?

उत्तर- कृष्ण यजुर्वेद, शुक्ल यजुर्वेद।

प्रश्न- वेदाङ्ग (शास्त्र) कितने होतें हैं ?

उत्तर- वेदाङ्ग छह होते हैं।

प्रश्न- छह वेदाङ्ग कौन-कौन से हैं ?

उत्तर- छन्द, कल्प, ज्योतिष, निरुक्त, शिक्षा, व्याकरण ।

## संख्याबोधक शब्द

**प्रश्न** - वेद शब्द से किस संख्या को कहा जाता है ?

**उत्तर** – चार (सामवेद, ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद)।

**प्रश्न** - आदित्य शब्द से किस संख्या को कहा जाता है ? **उत्तर** – द्वादश (12)

**प्रश्न** - किस संख्या का पर्याय पुरी शब्द है ? **उत्तर** – सप्त (7)

**प्रश्न -** दिशाएं कितनी होती है ?                    उत्तर – 10

**प्रश्न -** त्रिलोक का तात्पर्य कौन-कौन लोक है ?

**उत्तर –** पृथ्वी, स्वर्ग, नर्क

**अन्य सङ्केत-**

सात धातु (शारीरिक) : रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, वीर्य।

सात रंग : बैंगनी, जामुनी, नीला, हरा, पीला, नारंगी, लाल।

सप्तलोक : अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल, पाताल।

सप्तमातृका : ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही,इन्द्राणी, चामुण्डा।

## संस्कृत भाषा दक्षता
### भाग -2

**उच्चारण स्थान**

**प्रश्न -** इ का उच्चारण स्थान क्या है ?

**उत्तर -** तालु

**प्रश्न-** विसर्ग का उच्चारण स्थान क्या है

**उत्तर -** कण्ठ

**प्रश्न-** थ का उच्चारण स्थान क्या है

**उत्तर -** दन्त

**प्रश्न-** ल का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर –** दन्त

**प्रश्न-** "ष" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर –** मूर्धा

**प्रश्न-** "चवर्ग" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर –** तालु

**प्रश्न-** "ल" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर –**दन्त

**प्रश्न-** "लृ" का उच्चारण स्थान क्या है?

उत्तर – दन्त

**प्रश्न-** "कण्ठ से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर** -कण्ठ – अ क ख ग घ ङ ह विसर्ग

**सङ्केत-**

य (तालु) ल (दन्त) (कण्ठ – अ क ख ग घ ङ ह विसर्ग), (तालु – इ च छ ज झ ञ य श), (मूर्धा – ऋ ट ठ ड ढ ण र ष), (दाँत – लृ त थ द ध न ल स),

**हिन्दी से संस्कृत संस्कृत से हिन्दी पूछें-**

**संकेत-** पञ्चविंशतिः – पचीस, षड्विंशतिः – छब्बीस, एकादश –ग्यारह, द्वादश – बारह, त्रयोदश – तेरह, चतुर्दश – चौदह, एकत्रिंशत् – इकतीस, द्वात्रिंशत् –बत्तीस, त्रयस्त्रिंशत्- तैंतीस, चतुस्त्रिंशत्- चौंतीस, पञ्चत्रिंशत् – पैंतीस, अष्टपञ्चाशत् (अष्टापञ्चाशत् ) अठावन, नवपञ्चाशत्, ऊनषष्टिः या एकोनषष्टिः – उनसठ, षष्टिः – साठ, एकषष्टिः – इकसठ, द्वाषष्टिः (द्विषष्टिः) – बासठ, त्रयःषष्टिः (त्रिषष्टिः) – तिरसठ**आदि।**

**समयवाचक शब्द**

**घड़ी** = घटिका / घटिः । **समय** = समयः । **बजे** = वादनम् । **घंटा** = होरा । **मिनट** = निमेषः । **सेकेन्ड** = क्षणम् । **पौने** = पादोन । **सवा** = सपाद । **साढे** = सार्धम् । **अधिक** = अधिकम् । **कम** = न्यूनम् अथवा ऊनम् ।

**01 से लेकर 12 बजे तक का समय पूछना**

एक बजे = एकवादानम्

दो बजे = द्विवादनम्

तीन बजे = त्रिवादनम्

12 बजे = द्वादशवादनम्

**सवा (सपाद) का समय पूछना**

(1) सवा बजे = सपाद-एकवादनम् (1 बजकर 15 मिनट)

(2) सवा दो बजे = सपाद-द्विवादनम् (2 बजकर 15 मिनट)

(3) सवा तीन बजे = सपाद-त्रिवादनम् (3 बजकर 15 मिनट)

(10) सवा दस बजे = सपाद-दशवादनम (10 बजकर 15 मिनट)

**साढ़े (सार्ध) का समय पूछना-**

(1) डेढ़ बजे = सार्ध-एकवादनम् (1 बजकर 30 मिनट)

(2) ढाई बजे = सार्ध-द्विवादनम (2 बजकर 30 मिनट

(3) साढ़े तीन बजे = सार्ध- त्रिवादनम (3 बजकर 30 मिनट)

**पौने (पादोन) का समय पूछना-**

(1) पौन बजे = पादोन-एकवादनम् (12 बजकर 45 मिनट)

(11) पौने ग्यारह बजे – पादोन-एकादशवादनम् (10 बजकर 45 मिनट)

**अधिकम् और न्यूनम् या ऊनम् युक्त समय पूछना**

(1) 2 बजकर 10 मिनट - दश अधिकम् द्विवादनम्

(2) 4 बजकर 25 मिनट - पंचविंशति अधिकं चतुर्वादनम्

## शब्द ज्ञान

**प्रश्न-** शरीर के अङ्ग बोधक एक ऐसा शब्द बोलिए, जिसमें इकार की मात्रा लगी हो।

उत्तर- मणिबन्धः

इसी प्रकार इनसे पूछे जा सकते हैं। यथा-

सिर – शिरः/शीर्षम् । माथा – ललाटम् /मस्तकम् । दिमाग – मस्तिष्कः । खोपड़ी – कपालः । चेहरा – मुखः । आँख – नेत्रम् /लोचनम् /नयनम् /चक्षुः । पलक – पक्ष्मः । भौंह – भ्रूः । गरदन – ग्रीवाः । जीभ – जिह्वाः /रसना । मूँछ – श्मश्रुः । गला – कण्ठः । होंठ – अधरम् । ऊपरी होठ – ओष्ठः । निचला होठ – अधरम् । दाँत – दन्तः । बाल – केशः/शिरोरूहः । सफेद बाल – पलितकेशः । गाल – कपोलः । नाक – नासिका, घ्राणम् । कान – कर्णः/श्रोतम् । जिगर – यकृतः। भुजा – बाहुः, भुजः । हाथ – करः/हस्तः/पाणिः । कोहनी – कूर्परः । हाथ का अँगूठा – अंगुष्ठः । अंगुली – अंगुलिः । दाँत – रदनः/ दन्तः । हृदय/दिल – हृदयम् । मन – चित्तम्/मनः । छाती – उरः/वक्षःस्थलम् । स्तन – स्तनः । नाखून – नखः । दाढ़ी – कूर्चम् । हथेली – करतलम् । पेट – उदरम् । फेफड़ा – फुफ्फुसः । कमर – कटिः । रीढ़ की हड्डी – मेरूदण्डः । पीठ – पृष्ठम् । त्वचा – चर्मः/त्वक् । पैर – चरणः, पादः । घुटना – जानुः । टखना – गुल्फः । एडी – पार्ष्णिः । तलवा – पदतलम् । हड्डी – अस्थिः । आँसू – अश्रु । जाँघ– जंघा ।

**प्रश्न-** रंग वाचक एक ऐसा संस्कृत का शब्द बोलिए, जिसमें त अक्षर लगा हो।

सफेद = श्वेतः, शुक्लः, अर्जुनः, धवलः। हरा = पलाशः, हरितः। बैंगनी = धूमलवर्णः। लाल = रक्तवर्णः, लोहितः, रक्तः। काला = कालः, श्यामः, कृष्णः। नारंगी = नारङ्गवर्णः, कौसुम्भः, नारिङ्गः। नीला = नीलः। बैंगनी = धूमलवर्णः, धूम्रवर्णः, शोणः। गुलाबी = श्वेतरक्तः, पाटलः। पीला = हरिद्राभः, पीतः।

**रंगों के नाम से प्रश्न पूछें**

**शुक्लवर्णः-** (7) – शुक्लः (पुं), शुभ्रः (पुं), शुचिः (पुं), श्वेतः (पुं), विशदः (पुं), श्येतः (पुं), पाण्डरः (पुं) अवदातः (पुं), सितः (पुं), गौरः (पुं), अवलक्षः (पुं), धवलः (पुं), अर्जुनः (पुं)

**पीतसंवलितशुक्लः-** (3) - हरिणः (पुं), पाण्डुरः (पुं), पाण्डुः (पुं)

**ईषद्धवलवर्णः.** (2) - ईषत्पाण्डुः (पुं), धूसरः (पुं)

**काला और नीला रंग -** कृष्णवर्णः- कृष्ण (पुं), नीलः (पुं), असितः (पुं), श्यामः (पुं), कालः (पुं), श्यामलः (पुं), मेचकः (पुं)

पीतवर्णः- (3) - पीतः (पुं), गौरः (पुं), हरिद्राभः (पुं)

हल्का पीला या हल्का भूरा - सुवर्णः

हरितवर्णः- (4) - पालाशः (पुं), +[पलाशः (पुं)], हरितः (पुं), हरित् (पुं)

रक्तवर्णः- (3) - लोहितः (पुं), रोहितः (पुं), रक्तः (पुं)

कथ्थइ अधिकरक्तवर्णः- (2) - शोणः (पुं), कोकनदच्छविः (पुं) असितलोहितः

हल्का लाल रंग - ईषद्रक्तवर्णः- (2) - अव्यक्तरागः (पुं), अरुणः (पुं)

गुलाबी रंग - श्वेतरक्तवर्णः- (2) - श्वेतरक्तः (पुं), पाटलः (पुं)

कृष्णपीतवर्णः- (2) - श्यावः (पुं), कपिशः (पुं)

बैगनी- कृष्णलोहितवर्णः- (3) - धूम्रः (पुं), धूमल (पुं), कृष्णलोहितः (पुं)

भूरा या मटमैला रंग- कपिलवर्णः- (6) - कडारः (पुं), कपिलः (पुं), पिङ्गः (पुं), पिशङ्गः (पुं), कद्रुः (पुं), पिङ्गलः (पुं)

नानावर्णाः- (6) - चित्रः (नपुं), किर्मीरः (पुं), +[कर्मीर (पुं)], कल्माषः (पुं), शबलः (पुं), कर्बुरः (पुं)

**वृक्ष का नाम विभिन्न अक्षर से वृक्षों का नाम प्रश्न पूछा जाय।**

आम- आम्रः **बरगद** - वटः या पर्कटी **पीपल** - अश्वत्थः **नीम** - निम्बः **बांस-** वेतसः **देवदार** - देवदारुः या देववृक्षः **चीड़-** भद्रदारुः **चंदन-** चन्दनम् पेड़ – वृक्षः, तरुः, **बरगद** – वटः, ताड़ – तालः, **खजूर–** खर्जूरम् खर्जुरा, भूमिखर्जूरिका, दुरारोहा, स्वादुमस्तका, **शीशम** – शिंशपा, **अशोक–** अशोकः, **सागौन–** किंशुकः, **गूलर** – उदुम्बरम्,प्लक्षः, **करञ्ज** – करञ्जः, **बबूल** कण्टकवृक्षः, कोकरः, बर्बुरः, **इमली–** अम्लिका, तिंतिडी, **अखरोट** – अक्षोटः, **रेड़** – एरण्डः, **महुआ** – मधुकः, **सेमर** – शाल्मलिः

**अधोलिखित वाक्य को यथानिर्देश वर्तमान काल, भूत काल तथा भविष्यत् काल में परिवर्तित करें।**

इदं चित्रं पाठशालायाः वर्तते। (लङ् तथा लृट्)

सावित्री मुखरं विरोधं अकरोत्। (लट् तथा लृट्)

सा प्रथमा महिला शिक्षिका आसीत्। (लट् तथा लृट्)

उभयतः गुलिकावृष्टिः अभवत्। (लट् तथा लृट्)

भगतसिंहः, शिवरामः, राजगुरुः गौराङ्गं सैन्डर्स नामानम् मारयिष्यन्ति। (लट् तथा लङ्)

स्वमित्रं हमीदमपि तत्र नेष्यामि। (लट् तथा लङ्)

ततः शिक्षकाः सर्वेभ्यः मोदकं वितरिष्यन्ति। (वर्तमान तथा भूत काल)

किं त्वमपि तत्र चलिष्यसि? (लट् तथा लङ्)

**अधोलिखित क्रियापद से लकार परिवर्तित करके वाक्य का निर्माण करें।**

आगच्छति, प्रक्षालयामि, क्रीडन्ति, गुञ्जन्ति, नयन्ति, पतन्ति, धावन्ति, गच्छामः, गच्छथ, भवन्ति, कूजति, सिञ्चति, विकसतः।

**अधोलिखित शब्दों से एक वाक्य बनायें-**

**उदाहरण-** ते किमपि वक्तुम् इच्छन्ति। श्यामः हरिद्वारं गन्तुम् इच्छति।

वक्तुम्, गन्तुम्, कर्तुम्, खादितुम्, पातुम्, पठितुम्, श्रोतुम्, पठितुम्, दातुम्, मेलितुम्, द्रष्टुम्।

**अधोलिखित का  वर्तमान काल में रूप बताइये**

गमिष्यथ(गच्छथः), आगमिष्यामि (आगच्छामि), श्रोष्यामि (शृणोमि), वदिष्यसि (वदसि), पठिष्यति (पठति), लेखिष्यतः (लिखति), पास्यसि (पिबति), खादिष्यन्ति (खादन्ति), द्रक्ष्यावः (पश्यावः), नेष्यामि (नयामि), चलिष्यामः (चलामः), वसिष्यामि (वसामि), ज्ञास्यति (जानाति)

**अधोलिखित तिङन्त पद से क्रमशः 2 से 5 पदों तक का वाक्य निर्माण करें**

गच्छति,  श्रृणोमि, वदामि, पठामि, लिखसि, पिबावः, खादामः, पश्यामि, नयावः, इच्छामि, चलसि, वसामि, जानामि, पृच्छामि, पचामि, उपविशानि, ददासि, कथयामि, हसथः।

**शब्द शुद्धि (पंडित परीक्षा)**

**प्रश्न-**सर्वनाम किम् शब्द तथा अव्यय किम् शब्द में क्या अन्तर है?

**उत्तर-** सर्वनाम किम् के तीनों लिंगों में रूप चलते हैं जबकि अव्यय किम् का रूप नहीं चलता।

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| सः गुरुं नमन्ति | सः गुरुं नमति । |
| मधु पुष्पेषु भवसि | मधु पुष्पेषु भवति । |
| अहं गच्छति । | अहं गच्छामि । |
| इदं महा वैज्ञानिकः अस्ति | अयं महान् वैज्ञानिकः अस्ति । |
| धेनवः कदा गच्छति । | धेनवः कदा गच्छन्ति । |
| अहं प्रतिदिनं भोजनं करोति। | अहं प्रतिदिनं भोजनं करोमि। |
| के आगच्छति | के आगच्छन्ति ? |
| इयं मम भ्राता अस्ति। | अयं मम भ्राता अस्ति। |